» न्यूज-ब्रीफ



## सखी वन स्टॉप द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र पुरानी टोंक में जागरूकता बैठक

◆ सेन्टर की और से दी जाने वाली सुविधाओं के प्रति किया जागरूक

**टोंक,(सीमा सन्देश सं)।** सखी वन स्टॉप सेन्टर जनाना अस्पताल टोंक के तत्वाधान में जागरूकता बैठक आंगनबाड़ी केन्द्र सं. 06 पुरानी टोंक में आयोजित की गई। संस्था प्रभारी गोपाल लाल सैनी ने बताया कि केन्द्र प्रबन्धक सुनिता शर्मा की और से सखी वन स्टॉप सेन्टर में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदसन की गई। मनोवैज्ञानिक काउन्सलर शालू सैन ने बताया कि सखी वन स्टॉप सेन्टर टोंक जनाना अस्पताल पर तीसरी मन्जिल पर स्थित है। उन्होने बताया कि केन्द्र पर पीड़ित महिलाओं को आश्रय सुविधा, बाल विवाह के दुष्परिणाम, परामर्श सुविधा, कूननी, सलाह, चिकित्सा सुविधा व जरूरत पड़ने पर पुलिस सुविधा दी जाती है। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चन्द्रकान्ता शर्मा, आशा सहयोगिनी रेखा चावला, सहायिका नाहिद खांन, पूरण मल वर्मा आदि महिलाऐं मौजूद रही।

## श्रीमद्भागवत कथा : शिव विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**देवली (सीमा सन्देश सं)।** शहर के कोटा रोड बजाज शोरूम के सामने स्थित निजी आवास पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिवस पर आचार्य पंडित योगेश शास्त्री ने शिव विवाह प्रसंग का वर्णन किया। शिव विवाह के भजनों से पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान कलाकारों ने शिव पार्वती भूत- बैताल की झांकी का शानदार मंचन किया।श्रीमद् भागवत की कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। मृत्यु लोक में सुलभ है। कथा में सुखदेव जन्मोत्सव वन गमन महाभारत का प्रसंग भीष्म पितामह द्वारा पांडवों को दान धर्म के बारे में उपदेश देने की कथा श्रोताओं को सुनाई। कथा में दक्ष प्रजापति की कन्या सती के साथ भोलेनाथ का विवाह और भोलेनाथ सती पार्वती की बड़ी सुंदर झांकी दर्शकों को बतलाई गई। इस दौरान भक्तों ने शिव विवाह में भजनों के साथ महिलाओं ने नृत्य किया। इस दौरान कथा पांडाल में राधे-राधे नाम की जय कारों की गूंज रही।



## छात्राओं को पर्सनालिटी डेवलपमेंट से जुड़े गुण सिखाए

◆ एक दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन

**ब्यावर,(सीमा सन्देश सं)।** श्री वर्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्धमान कन्या पी.जी महाविद्यालय में एक दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'ओरवा लर्निंग' संस्था से जुड़ी प्रशिक्षिका सृष्टि जैन ने छात्राओं को पर्सनालिटी डेवलपमेंट से जुड़े गुण सिखाए। एक दिवसीय वर्कशॉप में बीसीए, मेकअप आर्टिस्ट, फैशन डिजाइनिंग विभाग की छात्राएं उपस्थित रहीं। वर्कशॉप के दौरान छात्राओं के कॅरिकुलम के अनुसार टाइम मैनेजमेंट, गोल सेटिंग, पर्सनल ब्रांडिंग, इंटरव्यू प्रिपरेशन जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आर.सी. लोढ़ा ने छात्राओं को टेक्नोलॉजी का उपयोग कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# टोंक निवासी विजेता जैन, सीमा एंव मोनिका को पीएचडी की उपाधी

◆ टांटिया यूनिवर्सिटी श्रीगंगानगर से किया अपना-अपना शोध कार्य पूर्ण



**टोंक,(सीमा सन्देश)।** टांटिया यूनिवर्सिटी श्रीगंगानगर की ओर से टोंक निवासी शोधार्थी विजेता जैन, सीमा कुमारी एंव मोनिका जैन को पीएचडी की उपाधी प्रदान की गई है। विजेता जैन को यह उपाधी डीएलडी व बीएड. प्रशिक्षित शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता, सुविधास्तर, स्वधारणा एवं कार्यात्मक मूल्यों का अध्ययन विषय पर शोध के लिए दी गई है। इन्होने डॉ. किरण गिल के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

इसी प्रकार डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशन में अपना शोध कार्य करने वाली सीमा कुमारी का शोध विषय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के आत्मसम्प्रत्य सामाजिक व्यवहार, उपलब्धि अभिप्रेरणा एवं अभिभावक शैली के संबंध में अध्ययन रहा। इसी तरह टांटिया यूनिवर्सिटी श्रीगंगानगर की ओर मोनिका जैन को भी पीएचडी की प्रदान की गई, इन्हें यह उपाधि स्नातक स्तर के विद्यार्थियों की धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक चेतना तथा समावेशी शिक्षा के प्रति अभिवृत्ति का अध्ययन विषय पर शोध के लिए दी गई, इन्होने शोध कार्य डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया है। तीनो युवतियो को पीएचडी की उपाधि मिलने पर परिवार जनो ने खुशी जताई है।

# जुआ खेलते चार जुआरीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

◆ प्रकरण दर्ज कर 7 हजार 80 रुपए किये जप्त



**टोंक,(सीमा सन्देश सं)।** टोंक थाना कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र मे चार जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 हजार 80 रुपए जप्त कर 4 प्रकरण जुआ अधिनियम के तहत दर्ज किये गये है।

अपराधियों पर कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के निदेर्शानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक सरिता सिंह, वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई, जिसमें सउनि अखराम, हैड कानि. शरीफ मो., चन्द्रप्रकाश, ब्रजनाथ, सुरेश, कानि. रमेश, हेमराज, ओमप्रकाश, महादेव, जितेन्द्र, शिवरतन व महिला कानि. राजन्ती द्वारा इलाका थाना में जुआरियों के विरुद्ध मुखबीर खास की इतला पर कार्यवाही करते हुये काली पलटन क्षेत्र में सट्टे की खाईवाली करने वाले चार जुआरी इमरान पुत्र मो. युसुफ (30) निवासी बटवालान मोहल्ला, मो. अजीम पुत्र मो. नईम (28) निवासी चोपदारों की गली रजबन, मो. सईद पुत्र मो. फारुख पठान (34) निवासी दीवानजी का कुआँ एवं जावेद पुत्र आमद मियाँ (22) निवासी बाजेवाली की गली रजबन को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 हजार 80 रुपये जप्त किये है।

## धनखड़ को स्थानीय निकाय पंचायतराज संस्था समिति का सदस्य बनाये जाने जताई खुशी



**पावटा (सीमा सन्देश सं)।** विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ को राजस्थान विधानसभा द्वारा स्थानीय निकाय पंचायतराज संस्था समिति का सदस्य बनाये जाने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। विधानसभा मिडिया संयोजक श्रीकांत मिश्रा, पावटा नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, पवन टीलावत, नीरज सैन, पुष्कर बंसल सहित भाजपा कार्यकताओं ने धनखड़ को शुभकामनाएँ दी।

## जिले में बसेड़ी बना आकांक्षी ब्लॉक, राज्य स्तरीय अधिकारी को मिली जिम्मेदारी

**बाड़ी (सीमा सन्देश सं)।** स्वास्थ्य सेवाओं के 7 मानकों में सुधार के लिए मिशन मोड़ पर चलेगा कार्य। प्रदेश के 27 आकांक्षी ब्लॉक्स के स्वास्थय संकेतकों में सुधार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने राज्य स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर इस संबंध में आदेश जारी कर अधिकारियों को ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। ये अधिकारी प्रतिमाह आवंटित ब्लॉक में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेंगे और आवश्यक सुधार एवं प्रगति को लेकर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने बताया कि प्रदेश के 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में धौलपुर जिले के बसेड़ी ब्लॉक को चुना गया है।

### मेले व भंडारे का आयोजन

# ऐसे आयोजनों से बढ़ती है सामाजिक समरसता : कुलदीप धनखड़



**पावटा (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे स्थित हिरामल बाबा मन्दिर में शनिवार को विशाल भण्डारे के साथ मेले का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे हिरामल बाबा की पावन आरती के साथ प्रसादी का भोग लगाकर कर भण्डारे का आयोजन किया गया।

जहाँ कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र से बडी संख्या में लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर भजन गायक महासी विजय रावत द्वारा भजनों का कार्यक्रम किया गया। सायंकाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनखड़ ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर धनखड़ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक समरसता का संचार होता है। ऐसे आयोजन सामाजिक उत्थान व आपसी प्रेम को बढ़ाते है। इस मौके विधायक ने पेयजल समस्या के स्थाई समाधान की बात कहते हुए कहा कि बुचारा बांध को ईआरसीपी योजना से जोड़ा गया है। जल्द से जल्द बुचारा बांध को भरा जायेगा जिससे भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी हो जिससे क्षेत्र का किसान, युवा, व्यापारी, आमजन को इसका फायदा मिल सके। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगो ने मेले व भंडारे का लुफ्त उठाया। इस मौके पर सेवादास महाराज, महादेव जाट, कांशीराम लम्बोरा, भैंरूराम, कृष्ण डीलर, महेन्द्र ओला, गिरिराज ओला, महेन्द्र फोगाट, परमानंद शर्मा, कुलदीप पटेल, प्रदीप सैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### विश्व दूरसंचार दिवस

# बीएसएनएल में कई कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर (का सं)।** राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इन्द्रजीत सिंह, कअर आयुक्त,सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि मुकेश मंगल, उप महानिदेशक, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने की।

मुख्य अतिथि इन्द्रजीत सिंह ने सम्पूर्ण बीएसएनएल परिवार को विश्व दूरसंचार दिवस की बधाई दी तथा लैंडलाइन से मोबाइल तक की विकास यात्रा को विस्तार से बताते हुए समाज के हर तबके तक संचार की उन्नत तकनीक व उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। साथ ही, इस भव्य आयोजन के लिए बीएसएनएल को बधाई दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने प्रदेशवासियों को तथा प्रदेश के सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं एवं बीएसएनएल कर्मियों को विश्व दूरसंचार दिवस की बधाई देते हुए उपभोक्ता सेवा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा वर्तमान परिदृश्य और मौजूदा आवश्यकताओं को देखते हुए नवीनतम तकनीक की बेहतर से बेहतर सुविधा उपभोक्ताओं को यथासमय उपलब्ध कराने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि मुकेश मंगल, उप महानिदेशक, दूरसंचार विभाग ने साइबर सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नई प्रोद्योगिकी व तकनीक से अपडेट रहने पर जोर दिया। प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर राजेश कुमार अग्रवाल ने पधारे हुए सभी सम्माननीय अतिथियों,चैनल पार्टनर्स, फ्रेंचाइजियों, TIPs तथा पधारे हुए गणमान्य नागरिकों एवं उपभोक्ताओं का तहेदिल से अभिनंदन किया तथा विश्व दूरसंचार दिवस की बधाई दी।

## भामाशाह द्वारा एकेएच ब्लड बैंक में 5 कुर्सियां भेंट



**ब्यावर,(सीमा सन्देश सं)।** राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के ब्लड बैंक मे कुर्सियों की कमी को पुरा करने के लिए भामाशाहो ने कुसीर्या भेंट की। भामाशाह संपत राज, गौतम चंद व मनोज कुमार हींगड ने 2 कुर्सी भेंट की और सुरेन्द्र कुमार, ऋषभ कुमार व निहित पीपाड़ा की तरफ से 3 कुर्सी भेंट की गई। राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के ब्लड बैंक मे भामाशाहो द्वारा कुल 5 कुर्सी भेंट की गई।



## इंसाफ के नुमाइंदों ने बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**देवली (सीमा सन्देश सं)।** गर्मी के मौसम में मानव हो या बेजुबान पशु-पक्षी सभी को प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश रहती है। ऐसे मे भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियो की प्यास बुझाने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट अनीशा शर्मा ,अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिलाषा जैफ व ग्राम न्यायालय के न्याय अधिकारी हर्ष मीणा और देवली अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओ के द्वारा न्यायालय परिसर में पेड़ो पर मिट्टी के परिंडे बांधे गए। जानकारी देते हुए अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड ने बताया कि न्यायालय परिसर में एक दर्जन से अधिक परिंडे बांधे गए जिसमें नियमित पानी भरने एवं पर्यावरण रक्ष बेजुबान पक्षियो के लिए दाना पानी की व्यवस्था के लिए अभिभाषक संघ सदस्यो से आग्रह किया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण ने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है हम सभी को इसका अनुसरण करना चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर आंगन और छत पर बेजुबान पक्षियों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए परिंडे लगाने चाहिए।

जिससे भीषण गर्मी में पानी के अभाव में कोई भी पक्षी जान ना गंवाए। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रकाश जैन, बंशीवाल कलवार, जितेन्द्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा,शिवजीराम डडवाडिया, प्रदीप नागरवाल, अनिल भूरेटा, पारस जैन, कमलेश वैष्णव जोरावर सिंह,रमेश शर्मा, अनिल चौहान, रणजीत बैरवा,गुलशेर बन्ना सहित अधिवक्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पार्क प्लाजा में आठ दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर आज से

◆ प्रात:कालीन राग संगीत के साथ होगा योगाभ्यास

**टोंक,(सीमा संदेश)।** पार्क प्लाजा विकास समिति के तत्वावधान में सवाई माधोपुर रोड़ स्थित पार्क प्लाजा कॉलोनी के गार्डन में 19 मई से 26 मई तक आठ दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ रविवार से होगा। शिविर संयोजक समाज सेवी भगवान भण्डारी एवं कन्हैया शर्मा ने बताया कि जनहित में आम जन के उत्तम स्वास्थ्य के लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए इस आठ दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रातः 5.45 से 7 बजे तक योग शिक्षक दिनेश गुप्ता द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा, जिसमें प्रातःकालीन सत्र में प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, त्रिबंध, अग्निसार, प्रणव, सेतुबंध, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, मंजरी, सर्वांग आसन एवं हास्यासन आदि सिखाये जाएंगे। इस योग शिविर को अधिक सुंदर मनमोहक और मानसिक शान्तिप्रद बनाने के लिए प्रातःकालीन संगीत रागों जैसे जौनपुरी, भैरव, भैरवी, प्रभाती आदि रागों का सुमधुर संगीत वातावरण में भी प्रवाहित किया जाएगा। उन्होने बताया कि व्यवस्था समिति में धीरज शर्मा, जितेंद्र जैन, सुशील विजय, कन्हैया जैन, मुकेश छंगाणी, घनश्याम गिदवानी, लोकेश जैन, मुकेश बृजवासी, जयप्रकाश जैन, वरुण विजय आदि को शामिल किया गया है। पार्क प्लाजा विकास समिति की ओर से आमजन को इस शिविर में पधारकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।





## प्रागपुरा व बुचारा विद्यालय में हुआ साईकिल वितरण कार्यकम

**पावटा (सीमा सन्देश सं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में राज्य सरकार के निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत बालिकाओं को निःशुल्क साईकिलों का वितरण पूर्व सरपंच एलन स्वामी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। एलन स्वामी ने बेटियों को भी बेटों के समान जीवन में आगे बढ़ते हुये सफलता अर्जित करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर एसडीएमसी सचिव मालाराम यादव ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही क्षेत्र, समाज व राष्ट्र की प्रगति सम्भव है। एक बेटी पढ़-लिखकर जीवन में कामयाब होती है तो दो परिवारों का भविष्य सुधरता है। साईकिल प्रभारी वरिष्ठ अध्यापक सुनिल कुमारी यादव ने बालिका शिक्षा के ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत कुल 23 बालिकाओं को साईकिल वितरित की गई। प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान शिक्षक गोविंद सिंह शेखावत, मनोज यादव, महिपाल यादव समेत विधालय स्टाफ सदस्य व ग्रामवासी मौजुद रहे।वहीं निकटवर्ती ग्राम बुचारा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य पूरण कसाणा के सानिध्य में साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत कुल 26 बालिकाओं को निशुल्क साईकिल वितरण किया गया। साईकिल पाकर बालिकाओं के चहरे खुशी से खिल उठे।

# साफ-सफाई व्यवस्था बनाये बेहतर, गंदे पानी का न हो भराव : जिला कलेक्टर

◆ जिला कलेक्टर ने अलसुबह लिया शहर की साफ-सफाई का जायजा



**ब्यावर, (सीमा सन्देश सं)।** जिला कलेक्टर श्री उत्सव कौशल ने कहा कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाएं इसको सुदृढ़ करें। शहर में अनावश्यक कहीं पर भी कचरा का ढेर न रहे। जिला कलेक्टर ने शनिवार को अलसुबह शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का औचक जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने सर्वप्रथम चांग गेट, सिटी सिनेमा होते हुए पाली बाजार की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि आवासीय क्षेत्र की गलियों में बनी छोटी नालियों की भी अच्छे से नियमित अंतराल में साफ सफाई हो जिससे की गंदगी ना फैले। तत्पश्चात उन्होंने अजमेरी गेट सिटी थाने के सामने नाले की साफ-सफाई व्यवस्था देखी साथ ही बिजयनगर रोड़ के कई क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने आमजन से बात कर सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि शहर में अनावश्यक पानी का भराव नहीं हो जिससे कि मौसमी बीमारियों का खतरा न रहे।

इस दौरान उपखंड अधिकारी श्री गौरव बुढ़ानिया एवं नगर परिषद आयुक्त श्रवणराम सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दिव्यांगो को आ रही समस्याओं के समाधान की मांग



**ब्यावर, (सीमा सन्देश सं)।** सरकार द्वारा दिव्यांग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए दिव्यांग के प्रमाण पत्र ऑन लाइन होना जरूरी है। लेकिन जिले के कई दिव्यांग लोगों के प्रमाण पत्र ऑन लाइन नहीं हो पा रहे है। दिव्यांगो को आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को अमन दिव्यांग दीन दुखी सेवा संस्था द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। अमन दिव्यांग दीन दुखी सेवा संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद सलीम रंगरेज ने बताया कि नई सरकार द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र के वेबसाइट को स्वावलंबन पोर्टल में बदल दिया गया। वर्तमान में साइट में तकनीकी खराबी आ रही है। जिस कारण ब्यावर पीएमओ कार्यालय से दिव्यांग प्रमाण पत्र वेरिफाई नहीं किए जा रहे हैं। बताया गया कि पोर्टल पर ब्यावर पीएमओ कार्यालय की आईडी पासवर्ड ही नहीं बने हैं। ज्ञापन में बताया गया कि दिव्यांग लोगों के प्रमाण पत्र भी ब्यावर से ही ऑफ लाइन बन रहे हैं। लेकिन ब्यावर के दिव्यांग लोगों के ऑनलाइन प्रमाण पत्र अभी भी वेरिफाइ होने के लिए अजमेर भेजे जा रहे हैं। राजसमंद जिले की 7 ग्राम पंचायतों को ब्यावर में शामिल किया गया वहां के दिव्यांग के सामने परेशानी आ रही है कि वहां अभी भी तीन डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र ऑन लाइन जारी किया जाता है।


GRIHUM

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

पंजीकृत कार्यालय: 602, छठी मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर नंबर 79/1, घोरपडी, मुंढवा रोड, पुणे - 411036
शाखा कार्यालय इकाई: प्रथम तल, 1-सी-18, एसएफएस शीला चौधरी रोड, तलवंडी कोटा, राजस्थान-324007

**ई-नीलामी- बिक्री सूचना**
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आमजन को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था,** 17 नवंबर 2023 से पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड हो गया है (पूर्व में मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से सम्मिलित किया गया था) और (इसके बाद 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) के नियम 8 और 9 के सहपठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।
**सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 21/06/2024 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है'के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।**

| क्र सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए) | मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी) | कब्जे का प्रकार(सी) | संपत्ति का विवरण (डी) | आरक्षित राशि (ई) | ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ) | ईएमडी जमा करने की तिथि(जी) | बोली वृद्धि (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई) | नीलामी की तिथि और समय (जे) | ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण संख्या HL00199100000005002452 श्रवण कुमार (ऋणधारक) चंद्रकला बाई (सह-ऋणधारक) | नोटिस दिनांक: 07/02/2024 कुल बकाया: रु. 719543/- (रुपये सात लाख उन्नीस हजार पांच सौ तिरालीस मात्र) 07/02/2024 के अनुसार व 14 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित वसूली तक देय | भौतिक | गांव आनंदपूजा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा (राजस्थान) के खसरा संख्या 266, 267 के भाग प्लॉट संख्या 20-बी (प्लॉट संख्या 20 का पूर्वी भाग) 'शिव वूहीपुर' के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन 450 स्क्वेयर और प्लॉट की सीमाएं इस प्रकार :- पूर्वः- प्लॉट नंबर 11-ए, पश्चिमः-प्लॉट नंबर 20-ए, उत्तरः-प्लॉट नंबर, 21, दक्षिणः-भूमि | रु. 7,91,438/- (रुपये सात लाख इक्यानवे हजार चार सौ अड़तीस मात्र) | रु. 79,143.8/- (रुपये उनासी हजार एक सौ तिरालीस व पैसे आठ मात्र) | 20/06/2024 सायं 5 बजे से पहले | 10,000/- | 14/06/2024 (प्रातः 11- सायं 4) | 21/06/2024 (प्रातः 11- सायं 2) | निल |

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222 से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकाता-700001 'पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड', बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-000651000460 और आईएफएससी कोड- ICIC0000006 के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 20/06/2024 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए यहां पता - प्रथम तल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी कोटा-324005 (राजस्थान)। मोबाइल नं. +91 9567626050 ई-मेल आईडी rahul.r1 @grihumhousing.com को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या www.grihumhousing.com पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 30 दिन के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

दिनांकः 19-05-2024, स्थानः राजस्थान

प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पूनावाल्ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के रूप में ज्ञात)